साँवरे सा कौन

साँवरे सा कौन,
साँवरे सा कौन,
कोई मुझको बताओ तो सही,
क्यूँ हो सारे मौन,
साँवरे सा कौन......

कोई नहीं है मेरे साँवरे सा दानी,
कथा शीश दान वाली दुनियाँ ने मानी,
जय जयकार बुलाओ तो सही,
साँवरे सा कौन....

मेरा श्याम बाबा करता,
नीले की सवारी,
खाटू नगरिया लागे, भगतों को प्यारी,
दर्शन करने को जाओ तो सही,
साँवरे सा कौन....

साथी बनालो अपना काली कमली वाला,
यही है वो खोलता जो किस्मत का ताला,
"श्याम" हाले दिल सुनाओ तो सही,
साँवरे सा कौन,
साँवरे सा कौन.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25794/title/sanwre-sa-kaun

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |